# राष्ट्रीय करंट अफेयर्स

1. देश **के युवाओं को सशक्त** बनाने के लिए बेंगलुरु में एक कौशल केंद्र **'उद्यम'** की शुरुआत **LIC हाउसिंग फाइनेंस (LIC HFL) ने** की।
   **नोट:** इसे साझेदार **लोक भारती एजुकेशन सोसायटी** के सहयोग से शुरू किया गया है। यह उत्कृष्टता केंद्र BFSI, खुदरा और IT/ ITES क्षेत्रों में अधिकारीहीन युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करेगा। उद्यम के तहत उत्कृष्टता केंद्र (COE) दिल्ली और बैंगलोर में शुरू किए गए हैं और बाद में इसका विस्तार अन्य शहरों में किया जाएगा।

2. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने विनियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए **पांच** प्रीपेड भुगतान साधन (PPI) जारीकर्ताओं पर जुर्माना लगाया।
   **नोट:** RBI ने विनियामक दिशानिर्देशों का पालन न करने पर वेस्टर्न यूनियन फाइनेंशियल सर्विसेज, अमेरिका और मनीग्राम पेमेंट सिस्टम, अमेरिका पर क्रमशः 29,66,959 रुपये और 10,11,653 रुपये का जुर्माना लगाया है। एक अन्य बयान में, RBI ने कहा, वोडाफोन एम-पैसा पर 3.05 करोड़ रुपये और मोबाइल पेमेंट्स, फोनपे, प्राइवेट और जीआई टेक्नोलॉजी पर एक-एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा, Y-कैश सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

3. मुख्य आर्थिक सलाहकार ने 15वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद में इसके सदस्य के रूप में **कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन को** शामिल किया ।
   **नोट:** सुब्रमण्यन परिषद के बारहवें सदस्य होंगे। सलाहकार परिषद की स्थापना आयोग के विचारार्थ विषय (ToR) से संबंधित किसी भी मुद्दे या विषय पर आयोग को सलाह देने के लिए अप्रैल, 2018 में की गई थी। यह राजकोषीय हस्तांतरण से संबंधित मामलों में मदद करती है और अपनी सिफारिशों की गुणवत्ता, पहुंच और प्रवर्तन में सुधार करती है।

4. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने कौन सी सुरक्षित, सुविधाजनक, त्वरित और वहन योग्य प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए एक **विजन दस्तावेज** जारी किया -- **ई-भुगतान प्रणाली।**
   **नोट:** 'भारतीय भुगतान एवं निपटान प्रणाली: विजन 2019 - 2021', ने अपने मुख्य विषय 'Empowering Exceptional E-payment Experience' के साथ, प्रतियोगिता (competition), लागत-प्रभाविता (cost-effectiveness), सुविधा (convenience) और आत्मविश्वास (confidence)- 4Cs के गोल पोस्ट के माध्यम से "एक उच्च डिजिटल और कैश-लाइट सोसाइटी" प्राप्त करने की परिकल्पना की है। भुगतान प्रणाली परिदृश्य आगे नवाचार और अन्य विकल्पों के प्रवेश के साथ बदलती रहेगी, जो ग्राहकों के लिए इष्टतम लागत और कई भुगतान प्रणाली विकल्पों तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित है। दस्तावेज ग्राहक जागरूकता पैदा करने, एक 24X7



Mission CDS OTA Special
A 75-Day Score Booster Course
START FREE TRIAL

हेल्पलाइन और सिस्टम ऑपरेटरों एवं सेवा प्रदाताओं के लिए स्व-नियामक संगठन स्थापित करने के बारे में बताता है।

**5.** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने भारत में राष्ट्र निदेशक के रूप में एम. हरि मेनन को नियुक्त किया।
**नोट:** मेनन **नचिकेत मोर** की जगह लेंगे, जो पिछले **तीन वर्षों** से इस पद पर काबिज थे और पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था। 50.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर दान के साथ, गेट्स फाउंडेशन दुनिया का सबसे बड़ा निजी परोपकारी संगठन है और इसके कार्यालय दिल्ली और पटना में हैं।

**6.** पांचवें कार्यकाल के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में नवीन पटनायक ने शपथ ली।
नोट: बीजू जनता दल ने हाल ही में संपन्न चुनावों में 147 सदस्यीय ओडिशा विधानसभा में 112 सीटें [भाजपा -23, कांग्रेस -9, CPI(M)-1] हासिल की हैं। वर्तमान में, श्री पटनायक (विधायक- बीजापुर) पवन चामलिंग (मुख्यमंत्री-सिक्किम) और ज्योति बसु (मुख्यमंत्री-पश्चिम बंगाल) के बाद किसी भारतीय राज्य के तीसरे ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने लगातार पांचवें कार्यकाल के लिए चुनाव जीता।

**7.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता पेमा खांडू जिन्होंने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
**नोट: अरुणाचल प्रदेश** के राज्यपाल श्री बी.डी. मिश्रा ने ईटानगर स्थित दोरजी खांडू राज्य सम्मेलन कक्ष में श्री खांडू और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 60 सीटों वाले सदन में 41 सीटों [JD(U) - 7,(NPP-5), (IND-2), (INC-4), (PPA-1)] पर शानदार जीत दर्ज की।

**8.** भारत के प्रधानमंत्री के रूप में दूसरी बार नरेंद्र मोदी ने शपथ ली।
नोट: प्रधानमंत्री मोदी के अलावा, 57 मंत्रियों को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, नितिन गडकरी, डी.वी. सदानंद गौड़ा, निर्मला सीतारमण रामविलास पासवान, नरेंद्र सिंह तोमर, रविशंकर प्रसाद, हरसिमरत कौर बादल, थावर चंद गहलोत, रमेश पोखरियाल, अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी, हर्षवर्धन, प्रकाश जावड़ेकर, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, मुख्तार अब्बास नकवी, प्रहलाद जोशी, महेंद्रनाथ पांडे, अरविंद सावंत, गिरिराज सिंह और गजेंद्र शेखावत सहित 24 कैबिनेट मंत्री हैं।

- नौ नेताओं ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ग्रहण की।
- 24 नेताओं ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली।

**9.** उप-राष्ट्रपति **एम. वेंकैया नायडू** ने **श्री वेदांत देशिकन** की 750वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक **डाक टिकट** जारी किया।



Mission CDS OTA Special
A 75-Day Score Booster Course
START FREE TRIAL

**नोट:** श्री नायडू के अनुसार, पाठ्यपुस्तकों को श्री वेदांत देशिकन जैसे महान संतों और आध्यात्मिक प्रतिरूपों के जीवन पर प्रकाश डालना चाहिए। श्री वेदांत देशिकन एक श्री वैष्णव गुरु/दार्शनिक और रामानुज के बाद के काल में श्री वैष्णववाद के सबसे निष्ठावान समर्थकों में से एक थे। वह एक कवि, भक्त, दार्शनिक और प्रधान-शिक्षक (देशिकन) थे।

**10.** सरकार द्वारा नियुक्त एक सलाहकार समूह ने **एलिफेंट बॉन्ड्स** इंश्योरेंस जारी करने का सुझाव दिया है, जिसमें अघोषित आय की घोषणा करने वाले लोगों के लिए निवेश अनिवार्य होगा।
**नोट:** 'एलीफेंट बॉन्ड्स' जिसमें अघोषित आय की घोषणा करने वाले लोगों को अनिवार्य रूप से उस राशि का आधा हिस्सा इन प्रतिभूतियों में निवेश करना होगा। उच्च-स्तरीय समिति ने अन्य उपाय करने की भी सिफारिश की, जिसमें वर्ष 2025 तक 1,000 बिलियन डॉलर से अधिक के माल और सेवाओं के भारतीय निर्यात को दोगुना करने का खाका शामिल है। समिति की अध्यक्षता अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने की।

**11.** पांचवां स्मार्ट सिटीज इंडिया 2019 एक्सपो **नई दिल्ली में** आयोजित हुआ था।
**नोट:** एक्सपो का आयोजन भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) और एक्जीबीशन्स इंडिया ग्रुप द्वारा किया गया था, यह प्रदर्शनी भारत सरकार के 'स्मार्ट सिटी मिशन' पर आधारित है, जिसमें भारत में स्मार्ट शहरों के निर्माण के लिए प्रासंगिक उत्पादों और समाधानों की एक विशाल श्रृंखला प्रदर्शित की गई।

**12.** भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए **BIMSTEC सदस्य राष्ट्रों** के नेताओं को आमंत्रित किया।
**नोट:** विदेश मंत्री (MEA) के अनुसार, शंघाई सहयोग संगठन के वर्तमान अध्यक्ष, सूरोनबे जीनबेकोव (किर्गिस्तान के राष्ट्रपति) और प्रवीण जुगनाथ (मॉरीशस के प्रधानमंत्री) को भी निमंत्रण भेजा गया है। BIMSTEC, या बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम के सदस्य राष्ट्र भारत सहित बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान हैं।

**13.** केरल का सबसे भव्य महोत्सव जो ठेक्किन्कुद मैदान में शुरु हुआ -- **त्रिशूर पूरम।**

**14.** सिक्किम क्रान्तिकारी मोर्चा (SKM) के अध्यक्ष जिन्होंने सिक्किम के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की -- प्रेम सिंह गोले।
नोट: राज्यपाल गंगा प्रसाद ने गंगटोक के पालजोर स्टेडियम में श्री गोले और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री गोले वर्तमान में राज्य विधानसभा के सदस्य नहीं हैं क्योंकि उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था। सिक्किम क्रान्तिकारी मोर्चा (वर्ष 2013 में स्थापित) ने 32 सदस्यीय विधान सभा में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (SDF) द्वारा जीती गईं 15 सीटों के मुकाबले 17 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया।





**15.** मेघालय के मुख्यमंत्री **कॉनराड के. संगमा** ने 'अरोमा मिशन' की शुरुआत की।
नोट: राज्य में किसानों की आजीविका को मजबूत करने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए 18 करोड़ रुपये की लागत से अरोमा मिशन शुरू किया गया है।

gradeup



